तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026




10 केशकाल बायपास निर्माण में तेजी लाएं...



10 खेल मैदान में दिखा मातृशक्ति का दम




INTERVIEW

अतिशीघ्र आवश्यकता है

11,12,13 March 2026

समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

5 पद- ड्राइवर पुरुष

2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष

30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला

30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष

30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष

वेतनमान अनुभव के आधार पर

योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए

फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस

इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023


# सुरक्षा को लेकर अंदरूनी इलाको में अनोखी पहल, गांव-गांव पहुंच कर रहे जागरूक

## पुलिस सड़क दुर्घटनाओं से बचने के ग्रामीणों को बता रही उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

अलग खबर

थाना क्षेत्र की सड़कों पर इन दिनों खाकी का एक अलग ही रूप देखने को मिल रहा है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस अब लोगों की जिंदगी बचाने के मिशन में भी सक्रिय नजर आ रही है। पेट्रोलिंग के दौरान गांव-गांव रुककर लोगों से संवाद करते हुए वे उन्हें सड़क दुर्घटनाओं से बचने के उपाय समझा रहे हैं। पुलिस की इस पहल से ग्रामीणों में भी जागरूकता का माहौल बनता दिखाई दे रहा है। सोमवार को पेट्रोलिंग के दौरान टीआई प्रहलाद यादव अपनी टीम के साथ क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। यदि लोग थोड़ी सतर्कता बरतें तो कई कीमती जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। निरीक्षक ने युवाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हेलमेट कोई बोझ नहीं बल्कि जीवन रक्षक कवच है, जो दुर्घटना के समय सिर को गंभीर चोट से बचाता है। इसके साथ ही उन्होंने तेज रफ्तार पर नियंत्रण रखने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी। युवाओं को समझाईश देते हुए कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह खुद के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी को भी खतरे में डालता है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए प्रेरित करें और यातायात नियमों का पालन करने की आदत डालें।



### ग्रामीणों ने की सराहना

पुलिस टीम ने ग्रामीणों को सड़क पार करने, पैदल चलते समय सावधानी बरतने और सुरक्षित मोड़ लेने जैसे कई जरूरी पहलुओं की जानकारी भी दी। इस दौरान ग्रामीणों ने खुलकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल तरीके से समाधान किया। ग्रामीणों ने पुलिस के इस मित्रवत और जागरूकता भरे व्यवहार की सराहना की। उनका कहना था कि पुलिस का यह प्रयास न केवल लोगों को जागरूक करेगा बल्कि दुर्घटनाओं को कम करने में भी मददगार साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा देने गई छात्रा लापता अपहरण की होने आशंका

**कांकेर।** थाना कांकेर क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा शुक्रवार 6 मार्च को घर से स्कूल के लिए निकली थी, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा 6 मार्च की सुबह करीबन साढ़े 7 बजे परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। परीक्षा समाप्त होने के निर्धारित समय के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिजन अपने सभी रिश्तेदारों, परिचितों और मिताली की सहेलियों के पास पतासाजी की, लेकिन कहीं भी उसकी जानकारी नहीं मिली। पिता ने आशंका व्यक्त की है कि उनकी नाबालिग बेटी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है। थाना कांकेर में घटना की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### आईपीएस प्रतीक ने संभाला कांकेर थाने का प्रभार

**कांकेर।** भारतीय पुलिस सेवा वर्ष 2024 बैच के अधिकारी प्रतीक दादासाहब बंसोडे ने सोमवार को जिला व्यवहारिक प्रशिक्षण के अंतर्गत थाना कांकेर के थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रभार लेने के पश्चात उन्होंने थाने के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। प्रशिक्षु आईपीएस ने पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय समन्वय और शक्ति के साथ लंबित मामलों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। स्पष्ट किया कि पुलिस जनता के हित और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

### इलाज से पहले बीमार युवक की हुई मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत मिचेसुखई निवासी 37 वर्षीय गणेश राम महला पिता रतन लाल का 7 मार्च को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब था। इलाज के लिए सीएचसी दुर्गूकोंदल लेकर गए। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने उसके मौत होने का पुष्टी किया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## लोकगीतों की धुन पर जमकर गुलाल उड़ा

# रंगपंचमी पर अंगना कार्यालय में उड़ा रंग, फाग महोत्सव में झूमे जनप्रतिनिधि और ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

फाल्गुन की मादक बयार, रंगों की उड़ती अबीर-गुलाल और नगाड़ों की गूंज के बीच कांकेर विधानसभा क्षेत्र का बेवरती गांव रंगपंचमी के अवसर पर फाग की मस्ती में सराबोर नजर आया। होली के पांचवें दिन मनाई जाने वाली रंगपंचमी पर 8 मार्च को कांकेर विधायक आशाराम नेताम के अंगना विधायक कार्यालय बेवरती के प्रांगण में भव्य फाग महोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में परंपरा, संस्कृति और भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ एक-दूसरे को गले लगाकर दी होली की शुभकामनाएं



### गुलाल और फूलों की होली

*इस आयोजन की खास बात यह रही कि समारोह में केवल हर्बल गुलाल और फूलों से होली खेली गई। लोगों ने एक-दूसरे के माथे पर गुलाल का तिलक लगाकर सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। इस पहल को सभी ने सराहा और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के लिए विशेष रूप से जलपान की भी व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी ने आनंद लिया।*

### इनकी रही उपस्थिति

फाग महोत्सव में कांकेर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के जनप्रतिनिधियों एवं संगठन से जिलाध्यक्ष महेश जैन, भरत मटियारा, शालिनी राजपूत, अरूण कौशिक, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, संजय सिन्हा, नीलू तिवारी, दीपक खटवानी, हितेंद्र खटवानी के साथ-साथ आसपास के गांवों के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# ब्लैक स्पॉट्स पर लगाए जा रहे सुरक्षा संकेतक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

■ दुर्घटनाओं को रोकने की कवायद

क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन और लोक निर्माण विभाग ने एक संयुक्त मुहिम शुरू की है। पखांजूर से दुर्गुकोंदल मार्ग पर स्थित उन संवेदनशील स्थानों ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित किया जा रहा है जहाँ अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं या होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इन स्थानों पर विभाग द्वारा पहली बार विशेष सुरक्षा बोर्ड और चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं, ताकि राहगीर सतर्क रह सकें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उन तीखे मोड़ों और ढलानों का जायजा लिया जहाँ पूर्व में हादसे हो चुके हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करवाने के साथ-साथ सड़क की बनावट और वहां संकेतों की मौजूदगी दुर्घटनाओं ▶▶|शेष पेज 10 पर

# जुनवानी में पुलिस का छापा, 5 जुआरी गिरफ्तार 8500 रुपए नकद जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में जुए के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम जुनवानी में संचालित जुए के फड़ पर छापेमारी की। पुलिस ने जुआरियों के पास से कुल 8 हजार 500 रुपए नकद, 52 पत्ती ताश और चटाई बरामद की है। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कांकेर को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम जुनवानी में पानी टंकी के पास कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की योजना बनाई और 8 मार्च की शाम लगभग साढ़े बजे पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को अपनी ओर आता देख जुआ खेल रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने मौके से भागने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी और घेराबंदी के चलते ▶▶|शेष पेज 10 पर

# चोरी के प्रयास में पकड़ी गई लेडी चोर पहुंची सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

पखांजूर पुलिस ने एक बार फिर शातिर महिला चोर साधना उर्फ सपना मण्डल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी महिला साल 2025 में 13 खाली मकानों में चोरी करने के आरोप में जेल जा चुकी है। जमानत पर बाहर आते ही उसने फिर से चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों और पुलिस की सतर्कता से पकड़ी गई। जानकारी के अनुसार घटना 8 मार्च 2026 की है, जब ग्राम पीव्ही 15 गोविंदपुर निवासी संजय सरकार और उनका परिवार गांव में आयोजित नामकीर्तन भजन देखने गया था। शाम करीब 5 बजे जब उनका बेटा घर लौटा, तो उसने देखा कि घर के बाहर एक काले रंग की स्कूटी खड़ी है और मुख्य दरवाजा खुला हुआ है। चुपके से अंदर जाने पर उसने देखा कि एक अज्ञात महिला अलमारी खोलकर सोने की बाली, मंगलसूत्र और चांदी के पायल चोरी कर अपने बैग में भर रही थी। पकड़े जाने के डर से महिला जेवरात वहीं छोड़कर अपनी स्कूटी से फरार हो गई। पखांजूर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। 9 मार्च को ▶▶|शेष पेज 10 पर








## ग्रामीणों की मांग पर दंतेश्वरी मंदिर के लिए 10 लाख अतिरिक्त देने की घोषणा

# शीतला मंदिर की विधायक ने लिया सुध, अब कराया जाएगा जीर्णोद्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम दुधावा में सोमवार को शीतला मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन एवं महिला ग्राम संगठन के सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह कार्यक्रमविधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

समारोह की शुरुआत महिला ग्राम संगठन के सामुदायिक भवन के लोकार्पण से हुई। विधायक आशाराम नेताम ने फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया। इस भवन के निर्माण से गांव की महिलाओं को बैठक, प्रशिक्षण तथा सामाजिक गतिविधियों के लिए एक स्थायी स्थान उपलब्ध होगा। ग्रामीणों का कहना है कि इससे महिला समूहों को अपने कार्यों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में काफी मदद मिलेगी। इसके बाद विधायक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शीतला मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। भूमिपूजन के दौरान पूरे विधि-विधान के साथ पूजा की गई और गांव के लोगों ने शीतला माता से गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक आशाराम ने कहा कि गांव में किसी भी ▶▶|शेष पेज 10 पर



### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में सरपंच आकाश नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, जनपद सदस्य वीणा बंटी राय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, ग्राम पटेल जंगलू राम नेताम, निरंजन गजीर, श्यामा बाई नेताम, मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, यशवंत सुरोजिया, दुकालू नेताम, लक्ष्मण साहू, दशरथ मरकाम, कर्ण कुमार साहू, फत्ते मरकाम, प्रताप नेताम, हेमलाल रजक, प्रेमलाल निषाद, सालिक राम यादव, लक्ष्मी नेताम, मोहन नेताम, खेमू राम साहू, पुरषोत्तम साहू, इन्दभान साहू, हीरा साहू, देवचंद्र भास्कर सहित ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## कोंडागांव में कल होगा "उद्योग–बैंकर संवाद" कार्यशाला का आयोजन

**कोण्डागांव।** उद्योग–बैंकर संवाद योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एमएसएमई इकाइयों, महिला उद्यमियों, स्व–सहायता समूहों तथा कारीगरों को बैंक ऋण और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से उद्योग–बैंकर संवाद एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 11 मार्च को किया जाएगा। यह कार्यशाला कार्यालय कलेक्टर कोण्डागांव के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित होगी, जिसमें उद्यमियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिलेगा। कार्यशाला में विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण योजनाओं की जानकारी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंधित योजनाओं का मार्गदर्शन, क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं की जानकारी तथा उद्यमियों को आने वाली वित्तीय समस्याओं के समाधान पर चर्चा की जाएगी। साथ ही महिला उद्यमियों और स्व–सहायता समूहों के लिए विशेष मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

## रोलिंग पेपर, स्मोकिंग कोन की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत जिले में नशीले पदार्थों के सेवन को रोकने के लिए रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन और पर्फेक्ट रोल के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से यह तथ्य सामने आया है कि शहर में नाबालिगों और युवाओं में चरस, गांजा जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के लिए रोलिंग पेपर और स्मोकिंग कोन का चलन बढ़ रहा है। ये सामग्री पान दुकानों, किराना दुकानों, चाय दुकानों, कैफे और रेस्टोरेंट में आसानी से उपलब्ध हो रही है। प्रशासन के अनुसार इन सामग्रियों की उपलब्धता से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति और आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि की आशंका है। इसे देखते हुए जिले में पान दुकान, परचूनध्किराना दुकान, चाय दुकान, कैफे और रेस्टोरेंट जैसे स्थानों पर इनके विक्रय को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और 1 जून 2026 की मध्य रात्रि 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

## कांग्रेस ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**जगदलपुर।** कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठजन, महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वन मंत्री ने बेतबेड़ा में 83.50 लाख के 14 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**पारंपरिक अनाज और वनोपज की मांग बढ़ने से मिलेंगे बेहतर आर्थिक अवसर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव विकासखंड के ग्राम बेतबेड़ा में 83 लाख 50 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत 14 विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के समग्र विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिससे गांवों के विकास को नई गति मिलेगी।

कार्यक्रम में मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश में प्राचीनकाल से ही महिलाओं को सम्मान देने की समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश की महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं। मंत्री ने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के लिए विकसित भारत जीरामजी योजना शुरू की गई है। इसके तहत गांवों में आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के अंतर्गत 125 दिनों का रोजगार, 15 दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान और बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है। वन मंत्री ने कहा कि आज देश–विदेश में पारंपरिक अनाज और वनोपज की मांग तेजी से बढ़ रही है। इससे किसानों और ग्रामीणों को बेहतर आर्थिक अवसर मिल रहे हैं, इसलिए प्राकृतिक और पारंपरिक खेती को बढ़ावा देना जरूरी है।

### इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

विभिन्न ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक मंच, सामुदायिक भवन और पुलिया निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इनमें ग्राम पंचायत मुंगवाल, चमई, मड़ागांव, बेतबेड़ा, बोरगांव, बोटीकनेरा, मड़ानार, हथकली, तुमड़ीवाल, कुधूर, मटवाल, बड़े कुरूषनार, मूलनार और नवागांव में कुल 14 निर्माण कार्य शामिल हैं।



### इन्होंने ने भी किया संबोधित

कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने निरीक्षण कर तकनीकी पहलुओं व सुरक्षा की ली जानकारी

# केशकाल बायपास निर्माण में तेजी लाएं, समयसीमा पर पूरा करें काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को प्रस्तावित केशकाल बायपास मार्ग का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मार्ग के विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर निर्माण कार्य के तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं को लेकर राजस्व विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा की।

- विभागों के समन्वय से जल्द दूर करें समस्याएं

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं का शीघ्र निराकरण करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, तहसीलदार गणेश सिदार, राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता प्रज्ञानंद तथा वन विभाग की एसडीओ सुषमा नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चनाभर्री में पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन का लिया जायजा

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कोसमी के आश्रित ग्राम चनाभर्री का दौरा कर पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया।

दौरे के दौरान कलेक्टर ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण स्तर की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामवासियों से चर्चा कर उन्हें मिल रही शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने वन विभाग और संबंधित विभागों को बिजली लाइन विस्तार तथा बोर खनन की अनुमति के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश दिए। चनाभर्री में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के 10 परिवारों को पीएम जनमन योजना के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश, सीएमएचओ



डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, डीएमसी ईमल बघेल, तहसीलदार फणेश्वर सोम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्राम की सरपंच तथा वन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अस्पताल में दें नियमित उपस्थिति** – कलेक्टर ने बड़ेराजपुर विकासखंड के स्वास्थ्य केन्द्र कोसमी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एचआरपी हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की संख्या की जानकारी लेते हुए समुचित निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को केंद्र में पुरुष स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना करने तथा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से समृद्ध हो रहे क्षेत्र के किसान

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाभान्वित किसानों से संवाद कर उनके तालाबों और हैचरी का अवलोकन किया। मछली पालन की गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई भी उपस्थित रहे। योजना के अंतर्गत ग्राम चुरेगांव कैंप की निवासी श्रीमती सरस्वती बाला को नवीन फिन फिश हैचरी की स्थापना के लिए अनुदान प्राप्त हुआ है। मछली बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। ग्राम सातगांव के गंगाधर नेताम को पोंड लाइनर तकनीक की स्थापना के लिए कुल 14 लाख रुपये की लागत में 8 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। इस तकनीक के माध्यम से वे कम स्थान में मछली उत्पादन कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। वहीं ग्राम पल्ली के पकलू मरकाम ने अपनी भूमि में तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया है। वे मछली पालन के साथ–साथ मुर्गी पालन, सूकर पालन, कृषि और सब्जी–फल की खेती भी कर रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका सुदृढ़ हुई है।



## देवी-देवताओं के साथ ग्रामीणों ने की मड़ई मेले की परिक्रमा

**फरसगांव।** आस्था एवं परम्परा के अनूठे संगम के साथ नगर में चार दिवसीय वार्षिक मेला सोमवार से शुरू हुआ। मेले में नगर के साथ आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों एवं उनके देवी-देवताओं के भारी हुजूम में आस्था और संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिले। इस मौके पर उमड़ी भारी भीड़ ने भीगे चावलों एवं पुष्प-पंखुड़ियों की वर्षा के साथ देवी-देवताओं की अगुवानी की गई। मेले में आस पड़ोस के देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाजो के साथ हुआ महासंगम एवं पूरे विधि-विधान के साथ देव परिक्रमा सम्पन्न हुई। आसपास क्षेत्र से पहुंचे देवी देवताओं का सम्मान फूलों से स्वागत किया गया।

- पारंपरिक वार्षिक मेला मड़ई का हुआ शुभारंभ

**सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तैनात** - वही मेले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए फरसगांव थाना प्रभारी चन्द्रशेखर श्रीवास के नेतृत्व में पुलिस टीम जुटी है। सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए मेले से लगे सभी चौक-चौराहों पर जवान तैनात किए गए हैं, ताकि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न ना हो जाये। मेला शांतिपूर्ण रूप से निपट जाए । साथ ही समय समय पर पुलिस टीम द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है, जिसके माध्यम से शरारती तत्वों और संदिग्धों पर पैनी नजर रखी हुई है।

### जनप्रतिनिधि, अफसर व ग्रामीण हुए शामिल

इस दौरान फरसगांव एसडीएम अशवन कुमार पुसाम, तहसीलदार जय कुमार नाग, नायब तहसीलदार निधि नेताम, नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसन्तवानी, नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मुलचंद पांडे, पार्षद संगीता प्रवीण राव, विनोद पांडे, नरेंद्र गौर, जनक नेताम, मन्नु राम हिडको, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, फरसगांव भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र निषाद, मोहित सिंग, रामकुमार कोर्राम, समेत क्षेत्र के ग्रामीण अपने देवी देवताओं के साथ शामिल हुए ।

## पीएमश्री शाला हरवेल में शैक्षणिक गतिविधियों की ली जानकारी



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को पीएमश्री योजना के तहत संचालित पीएमश्री शाला हरवेल का निरीक्षण कर वहां की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बच्चों और शिक्षकों से संवाद कर पढ़ाई–लिखाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक शिक्षक को सालेभाट शाला में अध्यापन कार्य के लिए व्यवस्था करने के लिए डीएमसी और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही कक्षा पहली में दर्ज 13 विद्यार्थियों के लिए तत्काल बेंच की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने विद्यालय के किचन गार्डन में ड्रिप सिंचाई प्रणाली लगाने तथा एफएलएन सामग्री को व्यवस्थित स्थान पर रखने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई और पोषण से जुड़ी गतिविधियां बेहतर तरीके से संचालित हो सकें। उन्होंने पंचायत द्वारा निर्मित अतिरिक्त कक्ष को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के लिए जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया। इसके अलावा विद्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था, पेंटिंग कार्य और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पांच दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## फरिदा बेगम के परिवार का सहारा बनी महतारी वंदन योजना

**कोण्डागांव।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही महतारी वंदन योजना कई परिवारों के लिए सहारा बन रही है।



कोंडागांव के नहरपारा निवासी फरिदा बेगम भी इस योजना से लाभान्वित होकर अपने परिवार का भरण–पोषण कर रही हैं। फैंसी स्टोर चलाकर परिवार का पालन–पोषण कर रहीं हैं।

फरिदा बेगम ने बताया कि कुछ समय पहले उनके पति सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गए थे। जिसके बाद वे दिव्यांग होकर और काम करने में असमर्थ हो गए। पहले से कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण परिवार के सामने जीवनयापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई थी। कठिन परिस्थितियों के बावजूद फरिदा बेगम ने हिम्मत नहीं हारी और अपने घर में एक छोटा फैंसी स्टोर शुरू किया। दुकान से होने वाली थोड़ी–बहुत आय से वे परिवार का खर्च चलाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत मिलने वाली एक हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि उनके लिए बड़ी राहत है। वे इस राशि को दो–तीन महीने तक जमा कर दुकान के लिए सामान खरीदती हैं, जिससे उनका छोटा व्यवसाय चलता रहता है।

**महिला खेलकूद प्रतियोगिता में 350 खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल**

# खेल मैदान में दिखा मातृशक्ति का दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला बस्तर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना रहा।

प्रतियोगिता के अंतर्गत धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, रस्साकशी और खो-खो की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। वहीं इंदिरा स्टेडियम में फुटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 350 महिला और बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।



पूरे दिन मैदानों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहा।

प्रतियोगिता के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक डॉ रेणुका श्रीवास्तव ने इंदिरा स्टेडियम पहुंचकर फुटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जगदलपुर महापौर संजय पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं,बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का भी सशक्त माध्यम है। महिलाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है और इससे नई पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलती है।

### विजेता किए गए पुरस्कृत

कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों, व्यायाम शिक्षकों, प्रशिक्षकों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में खेल अधिकारी सुशांत पॉल ने सभी प्रतिभागियों,अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**पेज 9 के शेष**

### रंगपंचमी पर अंगना कार्यालय...

ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। समारोह का सबसे आकर्षक और जीवंत पक्ष छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की पहचान फाग गायन रहा। नगाड़ों की गूंज, झांझ और मंजीरों की मधुर खनक के बीच पारंपरिक फाग गीतों की ऐसी प्रस्तुति हुई कि पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा। कलाकारों ने "होली खेले रघुवीरा अवध में" जैसे पारंपरिक गीतों के साथ-साथ राधा-कृष्ण के प्रेम और होली की मस्ती पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। फाग गीतों की धुन पर उपस्थित अतिथि और ग्रामीण भी झूम उठे और पूरे परिसर में उत्सव का उल्लास छा गया। अंगना विधायक कार्यालय में आयोजित इस होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारे और प्रेम की भावना को मजबूत करना था। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि होली का त्योहार केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और समाज में एकता का संदेश देने का पर्व है। फाग महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र की लुप्त होती ग्रामीण परंपराओं और लोक संस्कृति को सहेजने का एक छोटा सा प्रयास भी किया गया है। कार्यक्रम स्थल को फूलों और रंग-बिरंगे झंडों से विशेष रूप से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर एक उत्सव स्थल में तब्दील हो गया था। रंग-बिरंगी सजावट, ढोल-नगाड़ों की थाप और फाग गीतों की गूंज ने माहौल को और भी अधिक खुशनुमा बना दिया। हर ओर खुशी, उल्लास और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सामूहिक सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। साथ ही इससे नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध परंपराओं, लोक संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलता है।

### ब्लैक स्पॉट्स पर लगाए...

को रोकने में अहम भूमिका निभाती है। लोक निर्माण विभाग के उप यंत्री अमित भारद्वाज ने आश्वस्त किया कि तकनीकी रूप से जो भी खामियां हैं, उन्हें दूर किया जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे सड़क किनारे लगे इन संकेतों का पालन करें और तेज रफ्तार से वाहन चलाने से बचे। सड़क सुरक्षा के इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान खुद पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सड़कों पर उतरे। इस मौके पर लक्ष्मण केवट थाना प्रभारी, लोक निर्माण इंजीनियर शैलेष सोनी, अमित भारद्वाज उप यंत्री, इसके अलावा दोनों विभागों के अन्य कर्मचारी भी इस अभियान में शामिल रहे।

### जुनवानी में पुलिस का छापा...

सभी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने मौके से बागोडार निवासी 40 वर्षीय रमजान खान, मरकाटोला निवासी 35 वर्षीय सतउराम कोड़ोपी, कोकड़ी निवासी 35 वर्षीय मुकेश कुमार जैन, जुनवानी निवासी 40 वर्षीय सतीश सिन्हा तथा अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 38 वर्षीय मुकेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से और जुआ फड़ से कुल 8 हजार 500 रुपए नकद, ताश की 52 पत्तियों की गड्डी तथा जुआ खेलने में इस्तेमाल की जा रही चटाई जब्त की। पुलिस ने जब्त सामग्री को विधिवत जब्ती पत्रक के माध्यम से अपने कब्जे में ले लिया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### लेडी चोर चोरी के प्रयास में . ..

सूचना मिली कि आरोपी महिला फिर से उसी गांव में स्कूटी से घूम रही है। एएसआई वेदन सलामे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर साधना उर्फ सपना मण्डल 41 वर्ष को धर दबोचा। पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह 4 महीने जेल में रहने के बाद हाल ही में जमानत पर बाहर आई थी।

***काम नहीं मिलने पर चोरी का रास्ता चुना :*** साधना ने पुलिस को बताया काम न मिलने के कारण उसने दोबारा चोरी का रास्ता चुना। पुलिस ने चोरी के प्रयास में इस्तेमाल की गई स्कूटी सीजी 19 बीकियू 4146 को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट के मार्गदर्शन में टीम ने आरोपी महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 62 और 331 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### शीतला मंदिर की विधायक ने ...

शुभ कार्य की शुरुआत मां शीतला माता की पूजा-अर्चना से की जाती है। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से लोग तेल, हल्दी और चांवल अर्पित कर मां शीतला का आशीर्वाद लेकर ही किसी कार्य को प्रारंभ करते हैं। ऐसे में शीतला माता का मंदिर सुरक्षित और सुव्यवस्थित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसी भावना को ध्यान में रखते हुए मंदिर निर्माण का कार्य शुरू कराया गया है। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर विधायक आशाराम नेताम ने दंतेश्वरी मंदिर के लिए 10 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा भी की। इस घोषणा से गांव के लोगों में काफी खुशी देखी गई और ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विधायक का आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए हुई कार्यशाला



**बस्तर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर के तत्वाधान में अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागी भर सकें, इस हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर बस्तर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में रायपुर से आये हुए कर्नल, रिटायर्ड कर्नल साहिबान और जिले शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल उपस्थित थे। कार्यशाला में सातो ब्लॉक से आये बीईओ, एबीईओ, बीआरसी और सातो ब्लॉक में संचालित हाईस्कूल व हायर सेकंडरी के सभी प्राचार्य व अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य भी उपस्थित थे। कार्यशाला में सभी से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा आवेदन भरवाए जाएं और युवाओं को अग्निवीर भारतीय थल सेना में करियर के अवसर के बारे में जानकारी दी गई।

## वीबी जी राम जी के प्रावधानों से परिचित हुए श्रमिक

**बीजापुर।** शासन के निर्देशों के परिपालन में जिले की ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास की लंबित किश्तें और महात्मा गांधी नरेगा की मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी दी गई। युक्तधारा पोर्टल के तहत संतृप्तता आधारित शत प्रतिशत जीपीएस की आदर्श प्लानिंग, विकसित भारत जी राम जी के क्रियान्वयन के संबंध में एवं प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।

# यूपीएससी में सफलता पर अंकित सकनी का शानदार स्वागत

■ जिला मुख्यालय में सम्मान समारोह, अंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के होनहार युवा अंकित सकनी के संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता हासिल करने पर जिला मुख्यालय में परधान समाज ने उनका स्वागत किया।

इस उपलब्धि से समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और इसे पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण बताया। अंकित के सम्मान में समाज के लोगों ने नगर में रैली निकाली। रैली के दौरान सभी लोग बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पहुंचे, जहां माल्यार्पण कर उनके विचारों और आदर्शों को याद किया गया। इसके बाद परधान समाज भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने अंकित को फूलमाला और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।



परधान समाज ने निकाली रैली



वक्ताओं ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अंकित ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है, जो पूरे समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। समारोह में उपस्थित लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते कहा कि उनकी उपलब्धि से परधान समाज का नाम रोशन हुआ है। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के सदस्य, महिला समूह, युवा और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर मानवता की मिसाल

# रेडक्रॉस के रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सीआरपीएफ के स्थापना दिवस के अवसर पर आज बीजापुर जिले में मानवता और सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। कलेक्टर सह अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के निर्देशानुसार तथा डॉ. बीआर पुजारी, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ एवं सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस के बैनर तले सीआरपीएफ 170 बटालियन बीजापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

■ अधिकारियों ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान





### जवानों ने लिया हिस्सा

इस रक्तदान शिविर में सीआरपीएफ के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रक्तदान करने वाले जवानों और युवाओं में सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की झलक साफ दिखाई दी।

### समाज के लिए प्रेरणादायी पहल

बीजापुर में आयोजित यह रक्तदान शिविर न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति सकारात्मक सोच को भी मजबूत करेगा।

### रेडक्रॉस के प्रयासों की सराहना

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की सराहना करते हुए अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं।

### मानव सेवा का संदेश

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर आयोजित यह शिविर समाज में सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश देने वाला है।

# म्यूजिकल चेयर, फॉग जंप और लेमन स्पून रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 241 बस्तरिया बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में बहुत हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर मुख्यालय 241 वाहिनी रोडवा परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी की महिला कर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने वॉलीबॉल, म्यूजिकल चेयर, फॉग जंप और लेमन स्पून रेस आदि खेलों में बढ़-चढ़ भाग लिया । इस अवसर पर हरविन्दर सिंह कमांडेंट 241 बस्तरिया बटालियन ने अपने भाषण में भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को सक्षम एवं सशक्त बनाने, आगे बढ़ने, पढाई करने तथा समाज में बराबरी की हिस्सेदारी बनाने के लिए चल रहे योजनाओं के बारे में संदेश दिया। इस अवसर पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एवं निरजंन कुमार निराला उप कमांडेंट उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों, महिला कर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

■ बस्तरिया बटालियन ने महिला दिवस पर आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

**निधन**

## अलका खेडूलकर

**जगदलपुर।** अधिवक्ता संदेश खेडूलकर एवं डॉ. रुपेश खेडूलकर की माता अलका खेडूलकर का 7 मार्च की सुबह रायपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। अंतिम यात्रा में समाज के लोग और शहरवासी शामिल थे। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।



## शोक समाचार

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लिपिक डीके झाली की माता का आज निधन हो गया। गृह ग्राम बजावंड में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में शिक्षा विभाग सहित शहर और गांव के लोग शामिल थे। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# महिला दिवस पर गोटूल होम लाइब्रेरी की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा क्षेत्र के शाउमा विद्यालय छिंदबहार में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी व्याख्याता राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों से जागरूक और आत्मनिर्भर महिलाओं को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया। डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समानता और अपने अधिकारों के जीत के लिए मनाया जाता है। आज के परिवेश में महिलाओं और युवतियों को समानता का अधिकार प्राप्त है और इस अधिकारों का सदुपयोग करते हुए बड़ा से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने ने कहा कि आज बदलते माहौल से छात्राओं सचेत रहते हुए अपने जीवन में पढ़ाई को स्थान देना चाहिए।

■ छात्राओं को सचेत रहते हुए जीवन में पढ़ाई को महत्व देना चाहिए



बतौर अतिथि उपस्थित राधामनी समरथ ने कहा कि हम महिलाओं को ये दिवस मिला है जिससे हम गौरवान्वित महसूस करते हैं। व्याख्याता प्रमोद कुमार मरावी ने इस पावन अवसर पर विद्यालय के छात्र- छात्राओं के लिए गोटूल होम लाइब्रेरी का नींव रखा जिसका उद्घाटन अतिथियों और शाला परिवार के द्वारा किया गया। इस लाइब्रेरी का लाभ बच्चे अपने घर पर ले सकेंगे जिसमें नर्सिंग, पीएटी, डीएड आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य संवार सकेंगे। उनके द्वारा अपने गृह ग्राम पिपरानार में भी डॉ. आरएन टेकाम, पी. राज के मार्गदर्शन में 20000 की लागत से गोटूल लाइब्रेरी की स्थापना किया गया है।

जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सभी समस्याओं का समाधान है। सफलता की कुंजी है। इसलिए निरंतर अच्छी शिक्षा हासिल करना चाहिए। मनोहर सिंह बरनाला ने प्रकृति से सीखने और पुस्तक से ज्ञान लेकर प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने हेतु निरंतर अध्ययन करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी मरावी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा मौर्य, नोहर सिंह सलाम सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## समूह से जुड़कर बनीं लखपति दीदी



**बीजापुर।** बीजापुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर नियद नेल्लानार क्षेत्र के ग्राम पालनार में रहने वाली बधरी ताती अपने परिवार के साथ निवास करती हैं। मोहल्ले की 10 महिलाओं ने मिलकर पूजा स्व सहायता समूह बनाया, जिसमें बधरी ताती भी सदस्य बनीं। समूह से जुड़ने के बाद बधरी दीदी को चक्रिय निधि के रूप में 1500 रुपये तथा बैंक लिंकेज के माध्यम से 3000 रुपये का मुद्रा ऋण मिला। और 5 हजार रूपये मुद्रा लोन इस राशि से उन्होंने अपने घर में एक छोटा किराना स्टोर शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपने काम का विस्तार किया और आज वे कई आय स्रोतों से अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं।

# भाजपा में शामिल युकां कांग्रेसी को बना दिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

बस्तर जिले में युवा कांग्रेस के तोकापाल ब्लॉक अध्यक्ष की हाल ही में हुई नियुक्ति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामबती चंद्रकांत भंडारी ने कांग्रेस संगठन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि अब कांग्रेस के पास जमीनी स्तर पर काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ता नहीं बचे हैं, यही वजह है कि भाजपा की सदस्यता ले चुके व्यक्ति को ही कांग्रेस ने तोकापाल ब्लॉक युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन में लगातार ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं, जिससे पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में लंबे समय से काम कर रहे कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर ऐसे लोगों को पद दिए जा रहे हैं, जिनका पहले कांग्रेस से कोई लेना-देना नहीं रहा या जो दूसरे दलों से जुड़े रहे हैं। कांग्रेस के इस फैसले से संगठन के भीतर ही असंतोष की स्थिति बन रही है। कई कार्यकर्ता ऐसे हैं जो वर्षों से पार्टी के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर बाहरी लोगों को जिम्मेदारी सौंपना कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस की यही स्थिति दर्शाती है कि पार्टी का संगठनात्मक ढांचा कमजोर हो चुका है और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की कमी साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि ऐसे फैसलों पर पुनर्विचार किया जाए और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाए।

हालांकि इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन तोकापाल सहित पूरे बस्तर जिले के राजनीतिक गलियारों में इस नियुक्ति को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

# महिला अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना बचेली में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू एवं थाना स्टाफ द्वारा थाना में पदस्थ महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों का बुके व उपहार भेंट करने के साथ साथ जलपान की व्यवस्था तथा केक काट कर सम्मान किया और उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस विभाग में भी महिला अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन के साथ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मी कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ समाज में महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने महिला अधिकारी और कर्मचारियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान थाना स्टाफ द्वारा महिलाओं के सम्मान में उनके योगदान को सराहा गया और उत्साहपूर्वक महिला दिवस मनाया गया।

## मुख्यमंत्री के न्योता भोज में शामिल हुई सुनीता



**बीजापुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश के लखपति दीदियों से संवाद कर उनकी सफलता की कहानी भी सुनी। बीजापुर के नियद नेल्लानार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेरपाल की सुनीता पसपुल मुख्यमंत्री के साथ रात्रि भोज में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उन्होंने अपनी सफलता की कहानी और स्वावलंबन की यात्रा साझा की।

जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने जिले की समस्त महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिलाओं को आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने प्रयास किए जा रहे हैं।

# पतंजलि योग समिति ने मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

महिला पतंजलि योग समिति द्वारा योग भवन कारली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता का महिलाओं द्वारा पुष्प वंदन कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति ने नारी शक्ति के सम्मान और सामाजिक सहभागिता का प्रेरक संदेश दिया।

### योग, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संदेश

कार्यक्रम में उर्मिला साहू जिला प्रभारी दंतेवाड़ा एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य, छत्तीसगढ़ महिला पतंजलि योग समिति, मान कोरम राज्य कार्यकारिणी सदस्य, छत्तीसगढ़ महिला पतंजलि योग समिति, संगठन मंत्री पुष्पा पिस्दा, महामंत्री लक्ष्मी साहू, हेमलता नाग सहित अन्य पदाधिकारियों ने नारी सशक्तिकरण, स्वावलंबन, शिक्षा, योग, आयुर्वेद, स्वदेशी और भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्व पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनती हैं तो पूरा समाज मजबूत और समृद्ध बनता है।



### बड़ी संख्या में महिलाओं की रही सहभागिता

इस अवसर पर तहसील प्रभारी बचेली दीपक साहू, तहसील गीदम से पार्वती परिहार, संवाद प्रभारी सोनिया साहू, श्वेता अग्रवाल, सुनीता सुराना, भारती साहू, रानी भारती साहू, रानी गिरजा वर्मा, पूजा, पुष्पा, बुधरी कश्यप, डोमिन अरूसा, राधा यादव, रीता साहू, जीता साहू, किरण साहू, लता, इंदिरा, देवकी, प्रतिमा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम उत्साह और सकारात्मक वातावरण के साथ संपन्न हुआ।

## परसाबुड़ा में 10 से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**मगरलोड।** ग्रामीण साहू समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम परसाबुड़ा में 10 मार्च से 18 मार्च तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा वाचक देवेश तिवारी जतमई होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और 3 बजे से हरि इच्छा तक होगी। दोपहर 1 बजे से 2.30 तक मां कौशिल्या भंडार महाप्रसाद भोजन का व्यवस्था होगी।

# महिला जागृति शिविर में जागरूकता, सम्मान और प्रेरणा का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



मांझीगुड़ा ग्रापं में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परियोजना स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरा माहौल उत्साह और जागरूकता से भर गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अनीता ककेम, सरपंच ईटपाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुक्मणी तेलम, सरपंच धनोरा ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में ललिता कुड़ियम, सरपंच पापनपाल तथा मुन्नी, सरपंच तोयनार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। शिविर के दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा महिलाओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों को समझने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने भूपेंद्र

**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की सहमति से संगठन में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है।



प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मार्कण्डेय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, भूपेंद्र सिंह राजपूत को भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ का कांकेर जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। भूपेंद्र सिंह राजपूत लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष और किसान मोर्चा के जिला महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी कुशलता सिद्ध की है। उनकी संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए अब उन्हें सहकारिता के क्षेत्र में जिले की कमान सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति पर जिले के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में सहकारिता प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी।

### भिलाई में 11 को बीएसएफ पेंशन अदालत का आयोजन

**दुर्गूकोंदल।** सीमा सुरक्षा बल द्वारा 11 मार्च को सुबह 10 बजे से सीमांत मुख्यालय भिलाई में पेंशन अदालत आयोजित की जा रही है। इस शिविर में छत्तीसगढ़, उड़ीसा और तेलंगाना के सेवानिवृत्त कार्मिक अपनी पेंशन, नाम सुधार या रिकॉर्ड संबंधी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। दूरदराज के जवान व्यक्तिगत उपस्थिति के अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। बीएसएफ प्रशासन ने पूर्व सैनिकों से अपील की है कि वे अपने सेवा संबंधी आवश्यक दस्तावेजों के साथ इस अवसर का लाभ उठाएं ताकि उनकी लंबित समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा सके।

### छग राज्य ओपन बोर्ड परीक्षा 16 से, 11 मार्च से मिलेंगे प्रवेश पत्र

**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल बोर्ड की परीक्षाएं आगामी 16 मार्च से 8 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष श्री बाबूलाल कोमरे ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। केंद्राध्यक्ष ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र का वितरण 11 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र निर्धारित समय पर केंद्र से प्राप्त करने होंगे, क्योंकि प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बोर्ड परीक्षा के संचालन को ध्यान में रखते हुए प्रवेश पत्र वितरण का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### प्राशा तालाकुर्रा में न्योता भोज का हुआ आयोजन



**कोरर।** शासकीय प्राथमिक शाला भाठापारा तालाकुर्रा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान चंद्रशेखर सलाम और संकुल समन्वयक चंद्र भुवन ध्रुव द्वारा स्कूली बच्चों को विशेष भोज कराया गया। बच्चों को मध्याह्न भोजन के साथ फल, भजिया और अंडे वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिथियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने बच्चों के साथ सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शासन के आर्थिक सहयोग और मेहनत से बनीं आत्मनिर्भर, मुर्गीपालन ने बदली जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिला समूहों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक प्रगति की नई इबारत लिख रहा है। कल तक जो महिलाएं सिर्फ अपने घर और परिवार के दायरे तक सीमित थीं, आज वे आर्थिक एवं सामाजिक रूप से स्वावलंबी बन रही हैं। महिलाएं स्व सहायता समूहों के माध्यम से विभिन्न सृजनात्मक एवं आर्थिक गतिविधियां से समाज में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रही हैं। जिले के सुदूरवर्ती अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम बेलोंडी की अनुसुइया नेताम ने मुर्गीपालन व्यवसाय शुरू कर अपनी मेहनत और लगन से सफलता की नई मिसाल कायम की है।

अनुसुइया नेताम ने बताया कि उनका परिवार मुख्य रूप से खेती और मजदूरी पर निर्भर था। वर्षा आधारित खेती होने के कारण कई बार फसल अच्छी नहीं होती थी, जिससे परिवार की आय अस्थिर और कम थी। वहीं आय सीमित होने के कारण घर के खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती बन गया था। श्रीमती नेताम ने बताया कि इसके बाद उन्होंने जय मां संतोषी स्व-सहायता समूह से जुड़कर मुर्गी पालन को आजीविका के रूप में अपनाने का निर्णय लिया। शुरुआत में समूह के माध्यम से 30 हजार रूपए ऋण लेकर उन्होंने मुर्गी पालन व्यवसाय शुरु किया। ग्राम संगठन और क्लस्टर संगठन से मार्गदर्शन से समूह से जुड़ने के बाद वे सूर्या महिला ग्राम संगठन बेलोंडी और आशा महिला क्लस्टर संगठन अमाबेड़ा की बैठकों में भी नियमित रूप से भाग लेने लगीं। व्यवसाय की शुरूआत में 360 देशी चूजों की खरीदी की, जिस पर लगभग 11,880 रूपए खर्च हुए। इसके अतिरिक्त दाना, पानी के बर्तन, वैक्सीन और टॉनिक आदि पर भी खर्च किया। मुर्गी पालन व्यवसाय में लगभग 33 हजार का प्रारंभिक निवेश किया।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिला समूह सदस्यों को बन रहे मजबूत



### परिवार की आर्थिक स्थिति में आया सकारात्मक बदलाव

अनुसुइया नेताम ने बताया कि मुर्गी पालन व्यवसाय से परिवार की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। कुछ महीनों की मेहनत के बाद मुर्गियां अच्छी तरह विकसित होकर बिक्री के लिए तैयार हुइंर, तब उन्होंने लगभग 200 मुर्गियां बेचीं, जिससे उन्हें 55 हजार रूपए की शुद्ध आय प्राप्त हुई। अब बच्चों की पढ़ाई तथा अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना पहले की तुलना में आसान हो गया है। स्व सहायता समूह, ग्राम संगठन और ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से उन्होंने मुर्गी पालन के माध्यम से न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी आज वह प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।

## समाज में संदेश देने दी जाए कड़ी से कड़ी सजा

# मासूम से दरिंदगी करने वाले दो को भेजा जेल, फांसी देने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना में गिरफ्तार दो आरोपियों रोहन जैन उर्फ उत्सव और अमित जैन उर्फ बिल्लू को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया, वहीं ग्रामीणों ने दोनो आरोपियों को फांसी देने की माँग किया है। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

विदित हो कि प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी घर में सो रही थी, जिसे आधी रात को कोई अज्ञात व्यक्ति उठाकर ले गया है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू किया। गांव और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी शुरू की, नाबालिग बच्ची जब मिली, तो उसने आपबीती सुनाते हुए बताया कि सफेद शर्ट और काले पैंट पहने एक युवक और उसके साथी ने उसे खेत की ओर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी हाटकोंगेरा निवासी 20 वर्षीय अमित कुमार जैन उर्फ बिल्लू पिता किशन कुमार जैन और आवासपारा सिदेसर निवासी 20 वर्षीय रोहन कुमार जैन उर्फ उत्सव पिता विमल कुमार को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में पेश किया गया, जिन्हे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।



### दोनों आरोपी को दी जाए फांसी

इस शर्मनाक घटना की जानकारी जैसे ही क्षेत्र में फैली, स्थानीय ग्रामीणों और आम जनता में जबरदस्त रोष देखा जा रहा है। मासूम बच्ची के साथ हुई इस दरिंदगी ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। गिरफ्तारी की खबर मिलते ही सोशल मीडिया पर लोग पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना तो कर रहे हैं, लेकिन साथ ही आरोपियों के खिलाफ कड़े से कड़े दंड की मांग कर रहे हैं। आम जनता का कहना है कि ऐसे जघन्य अपराध करने वालों के मन में कानून का खौफ होना जरूरी है। कई संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि दोषियों को फांसी की सजा दी जाए, ताकि समाज में एक कड़ा संदेश जाए।

### कठोर धाराओं के तहत मामला दर्ज

आरोपियों के स्वीकारोक्ति और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले में धारा 65(2), 70(2), 332 बीएनएस और पॉक्सो एक्ट पॉक्सों एक्ट की धारा 4, 6, 8, 10 जोड़ी है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# पूर्व माशा कोटपारा में समारोह, संस्कृत में कार्यक्रम से दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटपारा में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए एक भावुक और प्रेरणादायक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और आपसी भाईचारे की अनोखी झलक देखने को मिली। इस अवसर पर कक्षा 6वीं और 7वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों को यादगार अंदाज में विदाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत छोटे छात्रों द्वारा बड़े भाई-बहनों के तीन वर्षों के स्कूल जीवन की यादों को साझा करते हुए की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने संस्कृत आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें संस्कृत श्लोकों का पाठ, पारंपरिक गीत, नृत्य और भावपूर्ण कविताएं शामिल थीं। इन प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को भावनात्मक बना दिया और उपस्थित सभी लोग बच्चों की प्रतिभा और भावना से प्रभावित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में छोटे छात्रों ने कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को स्नेहपूर्ण उपहार भी भेंट किए। इनमें हाथ से बनाए गए कार्ड, फूलों के गुलदस्ते और स्मृतिचिन्ह शामिल थे। इस दौरान कई छात्र भावुक भी हो गए, क्योंकि आठवीं कक्षा के बाद उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए दूसरे स्कूलों में जाना होगा। विदाई के अवसर पर कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने भी अपने जूनियर साथियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे हमेशा मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और जीवन की चुनौतियों का सामना हिम्मत के साथ करें। उन्होंने अपने जूनियर्स को छोटे भाई-बहन बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**जीवन के नए अध्याय की शुरूआत का प्रतीकः प्रधानपाठक**

समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान पाठक गोरखनाथ ध्रुव ने कहा कि यह विदाई किसी अंत का नहीं बल्कि जीवन के नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो जीवन की हर चुनौती को पार करने में मदद करती है। उन्होंने बच्चों को यह भी सलाह दी कि वे हमेशा अपने स्कूल, शिक्षकों और गांव से जुड़े रहें। इस अवसर पर शिक्षिका विभा ठाकुर, कंचन लता वैद्य, राकेश तिवारी, कामनी नरेटी, गोमती नरेटी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# रोफरा ग्राम खमढोड़गी में हुआ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

## सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

ग्राम पंचायत कोकपुर अंतर्गत रोफरा ग्राम खमढोड़गी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम सभा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन उत्साह, सहभागिता और जागरूकता के माहौल में किया गया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं, युवतियों, बुजुर्ग माताओं और बालिकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति और सहभागिता ने पूरे आयोजन को प्रेरणादायी और जागरूकता से भर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत महिला शक्ति के सम्मान और जागरूकता के संदेश के साथ की गई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिला केवल परिवार और घर की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक नेतृत्व और प्रशासनिक भागीदारी जैसे अनेक क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ग्रामीण समाज में महिलाओं की बढ़ती जागरूकता और आत्मविश्वास सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। इस अवसर पर विशेष रूप से छत्तीसगढ़ पेसा नियमों के तहत ग्राम स्तर पर महिला सभा आयोजित करने की अनिवार्यता और महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि पेसा कानून के अनुसार ग्राम सभा से पहले महिला सभा का आयोजन किया जाना बेहद आवश्यक है, ताकि गांव की महिलाएं स्वतंत्र रूप से अपनी समस्याएं, सुझाव और विचार सामने रख सकें। इससे ग्राम सभा के निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत होती है और गांव के विकास से जुड़े निर्णय अधिक समावेशी और प्रभावी बनते हैं। मितानिन दीदियों ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण, नियमित जांच और समय पर उपचार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के विषय पर भी जागरूकता फैलायी गई। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला होता है। महिलाओं को गांव में स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पौधारोपण जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष अनिता मंडावी ने की, जबकि वार्ड पंच रजोन्तीन दुग्गा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इसके अलावा ग्राम संगठन के पदाधिकारी, कृषि सखी, पशु सखी, आंगनबाड़ी सहायिका, मितानिन दीदी, सक्रिय महिला स्वसहायता समूह की सदस्याएं तथा नवयुवक मंडल के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



# कोदापाखा में 11 को होगा हेसा पंडुम कोडिंग कार्यक्रम

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल क्षेत्र के ग्राम कोदापाखा में पारंपरिक और सांस्कृतिक आस्था से जुड़ा हेसा पंडुम कोडिंग कार्यक्रम 11 मार्च बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार 10 मार्च को होगी, जब सभी नरेटी 14 भाई ग्राम कोदापाखा पहुंचकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार सोवता आकर देव नोमेन का कार्य संपन्न करेंगे। इस धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से ग्राम देवताओं की पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाएगी। इसके अगले दिन बुधवार 11 मार्च को मुख्य हेसा पंडुम कोडिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि हेसा पंडुम जैसे आयोजन गांव की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं। इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को भी अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों के बारे में जानने और समझने का अवसर मिलता है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

भाजपा मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं का समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। आज महिलाएं शिक्षा,



स्वास्थ्य, राजनीति, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। बदलते समय के साथ महिलाओं की भूमिका और भी सशक्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान देना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का अवसर है। इस अवसर पर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, शकुंतला नरेटी, महिला मंडल अध्यक्ष सुमित्रा दुग्गा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे, जनपद सदस्य सविता उईके, पूर्व जनपद सदस्य राधा जैन, हिरेश्वरी कोर्राम, चंद्रिका जैन, रमिला नरेटी, शर्मीला कोमरे, पूजा सिन्हा, संगीता नेताम, नीलिमा सोनी, संतोषी पुडो, शांति पोटाई सहित भाजपा के कार्यकर्ता और क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राजस्व और खनिज विभाग की भूमिका पर उठ रहे सवाल

# दिन- रात ट्रैक्टरों से किया जा रहा रेत का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना

तहसील क्षेत्र से होकर बहने वाली महानदी में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन का मामला तेजी से चर्चा में है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि नदी के विभिन्न घाटों से लगातार रेत निकाली जा रही है और उसे ट्रैक्टरों के माध्यम से बिना किसी वैध अनुमति और बिना टैक्स के महंगे दामों में बेचा जा रहा है। इस पूरे मामले में राजस्व विभाग और खनिज विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि लंबे समय से चल रहे इस अवैध उत्खनन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

सरोना तहसील अंतर्गत महानदी क्षेत्र की सबसे लंबी और बड़ी नदी मानी जाती है। इसी नदी के कई हिस्सों



में वर्षों से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। सरोना, बुंदेली, मुड़पार, शामतरा और मालगांव क्षेत्र के आसपास महानदी में जगह-जगह अस्थायी घाट बनाकर रेत निकाली जा रही है। रेत माफिया दिन-रात ट्रैक्टरों के माध्यम से नदी से रेत निकालकर आसपास के गांवों और कस्बों में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे काम को संगठित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। रात-दिन ट्रैक्टरों की आवाजाही लगी रहती है और नदी से लगातार रेत निकाली जा रही है। बिना किसी वैध अनुमति और बिना रॉयल्टी या टैक्स चुकाए यह रेत बाजार में पहुंच रही है। इससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है और पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व विभाग और खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों द्वारा मौके पर निरीक्षण नहीं किया जाता। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी अधिकारी क्षेत्र की ओर आने वाले होते हैं, उससे पहले ही ट्रैक्टर मालिकों को इसकी सूचना मिल जाती है। वे मौके से ट्रैक्टर हटा देते हैं।

### रेत निकालने की अनुमति नहीं दी गई हैः उपसरपंच

उपसरपंच दिनेश सहारे ने कहा कि पंचायत को इस तरह के किसी आदेश या गतिविधि की जानकारी नहीं है। पंचायत द्वारा किसी को भी रेत निकालने की अनुमति नहीं दी गई है। यह पूरा मामला राजस्व और खनिज विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है और कार्रवाई भी वही विभाग कर सकता है।

### आरोपियों पर की जाए कार्रवाई

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते महानदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई तो नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ सकता है और भविष्य में बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। उत्खनन से नदी का तल कमजोर हो रहा है। पुल और आसपास के ढांचे को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

